केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 09.06.2025

प्रेस विज्ञप्ति

कोर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारम्भ संगोष्ठी के साथ

रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, दिनांक 09/06/2025 से दिनांक 21/06/2025 तक ग्यारहवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस दौरान संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किया जाएगा। इसी क्रम में दिनांक 09/06/2025 को महाप्रबन्धक श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, की गरिमामयी उपस्थिति में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता योगी श्री संजय पाण्डे तथा उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी-श्री के.के. श्रीवास्तव थे जिन्होने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य विद्युत इंजीनियर (योजना)-श्री एस.एस.नेगी, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर/प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी-श्री आर.एन. सिंह, प्रमुख बिजली इंजीनियर (कार्य)-श्री उपेंद्र कुमार, सचिव-महाप्रबन्धक श्री नरेन्द्र चौधरी, जनसम्पर्क अधिकारी श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक/मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी-श्री कल्याण सिंह ने किया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज